AMAR UJALA MY CITY PAGE 6

लखनऊ विवि : पीएचडी की प्रवेश परीक्षा आज से

माई सिटी रिपोर्टर

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय की सत्र 2020-21 की पीएचडी प्रवेश परीक्षा का आयोजन 21 व 23 अगस्त को किया जा रहा है। प्रवेश परीक्षा के लिए लविवि को ही केंद्र बनाया गया है। विवि में सामान्य पीएचडी की 448 सीटों के सापेक्ष 3816 विद्यार्थियों ने आवेदन किए हैं।

विवि प्रशासन के अनुसार पहले दिन एक दर्जन विषयों के लिए दो पालियों में प्रवेश परीक्षा होगी, जिसमें लगभग 1500 विद्यार्थी शामिल होंगे। सुबह की पाली में 11 से 12.30 बजे तक डॉ. केके सक्सेना ब्लॉक (न्यू कॉमर्स) ओल्ड कैंपस में कॉमर्स, राजनीति विज्ञान व फिलॉशफी के पेपर होंगे। जबकि दूसरी पाली में यही 03 से 4.30 बजे तक लॉ, पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन, जियोलॉजी, वेस्टर्न हिस्ट्री, प्राचीन भारतीय इतिहास, ओरिएंटल संस्कृत, फ्रेंच व लिंग्विस्टक के पेपर होंगे। 21 को ही पीजी ब्लॉक ओल्ड कैंपस

ओल्ड कैंपस के दो ब्लॉक में आयोजित होगी परीक्षा, सुबह 10 बजे से मिलेगा प्रवेश

स्थित केंद्र में सुबह 11 से 12.30 बजे तक बॉटनी, साइकोलॉजी व सोशल वर्क और दूसरी पाली में दोपहर 03 से 4.30 बजे तक समाजशास्त्र की प्रवेश परीक्षा होगी। वहीं 23 अगस्त को डॉ. केके सक्सेना ब्लॉक में 11 से 12.30 बजे तक हिंदी, अप्लाइड इकोनॉमिक्स, एंथ्रोपोलॉजी, परसियन, मध्यकालीन व आधुनिक इतिहास के पेपर होंगे। जबकि दूसरी पाली में दोपहर 03 से 4.30 बजे तक अंग्रेजी, शिक्षाशास्त्र व अर्थशास्त्र की परीक्षा होगी।

NBT PAGE 3

एलयू: पीएचडी प्रवेश परीक्षा आज से

■ **एनबीटी, लखनऊ :** लखनऊ यूनिवर्सिटी में शनिवार से पीएचडी में प्रवेश के लिए परीक्षा का आगाज होगा। 36 विषयों की 448 सीटों के लिए शनिवार और रविवार को परीक्षा होगी। परीक्षा समन्वयक प्रो. पंकज माथुर के अनुसार सुबह 11 से 12:30 तक परीक्षा होगा। अभ्यर्थियों को दस बजे केंद्र पहुंचना होगा। एलयू के गेट नंबर दो और चार से प्रवेश की अनुमति होगी।

HINDUSTAN PAGE 7

एलयू: पीएचडी की प्रवेश परीक्षा आज से

लखनऊ | कार्यालय संवाददाता

एलयू की दो दिवसीय पीएचडी प्रवेश परीक्षा शनिवार से शुरू होगी। प्रवेश परीक्षा के लिए विश्वविद्यालय परिसर के पीजी-ब्लॉक और कामर्स ब्लॉक में दो केन्द्र बनाए गए हैं। आफलाइन प्रवेश परीक्षा में 4302 अभ्यर्थी शामिल हो रहे हैं। गेट नंबर दो और चार से एंट्री होगी और एक घंटा पहले प्रवेश मिलेगा।

दो पाली में प्रवेश परीक्षा में शनिवार को पहली पाली सुबह 11 से 12.30 एवं दूसरी पाली दोपहर तीन बजे से साढ़े चार बजे तक होगी। इसके बाद 23 अगस्त को भी पीएचडी प्रवेश परीक्षा दो पाली में होगी। सिटिंग प्लान सोशल डिस्टेंसिंग को ध्यान में रखकर बनाया है। बिना मास्क के प्रवेश नहीं मिलेगा।

स्नातक प्रवेश परीक्षा 24 से

बीए, बीकॉम, बीएससी, पांच वर्षीय एलएलबी, बीसीए और बीबीए के नए सत्र में प्रवेश के लिए अभ्यर्थियों को 12 वीं के विषयों को अच्छे से तैयार करना होगा। साथ ही कई कोर्स में कम्प्यूटर और मानसिक दक्षता पर आधारित सवालों के जवाब भी देने होंगे। एलयू में स्नातक प्रवेश परीक्षा का आयोजन 24 से 31 अगस्त तक किया जा रहा है। एलयू ने पहली बार पाठ्यक्रम भी जारी किया है। जिसमें 12 वीं के प्रमुख विषयों को परीक्षा के आधार बनाया गया है। बीए में प्रवेश के लिए कक्षा 12 के हिन्दी, अंग्रेजी, भूगोल, इतिहास, नागरिक शास्त्र, मनोविज्ञान और अर्थशास्त्र से जुड़े प्रश्न पूछे जाएंगे। इसके साथ ही बीकॉम में 12 वीं कामर्स, अकाउंटिंग, कामार्शियल मैथ, अर्थशास्त्र और कम्प्यूटर के प्रश्न होंगे।

बीएससी मैथ के लिए छात्र को भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, गणित एवं मानसिक योग्यता और कम्प्यूटर आधारित प्रश्न होंगे।

पहले सेमेस्टर के परिणाम जारी किए गए

लखनऊ विश्वविद्यालय ने शुक्रवार को कई पाठ्यक्रम के प्रोन्नत रिजल्ट जारी किए। परीक्षा नियंत्रक प्रो ए.एम. सक्सेना ने बताया कि बीवोक रिन्यूवबेल एनर्जी, बीवोक सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट प्रथम सेमेस्टर, मास्टर ऑफ सोशल वर्क प्रथम सेमेस्टर, एमएससी माइक्रोबायोलॉजी प्रथम सेमेस्टर बैक पेपर एवं सीबीसीएस के परिणाम एलयू की वेबसाइट पर अपलोड कर दिए गए हैं।

i-NEXT PAGE 2

पीएचडी प्रवेश परीक्षा आज से

लखनऊ यूनिवर्सिटी में गेट नंबर 1 और 4 से मिलेगा प्रवेश

CONCEPT PIC

lucknow@inext.co.in

LUCKNOW(20 Aug): लखनऊ यूनिवर्सिटी में पीएचडी एडमिशन के लिए प्रवेश परीक्षा परीक्षाओं की शुरुआत शनिवार से होगी. इसके लिए डॉ. केके सक्सेना ब्लाक और पीजी ब्लाक को केंद्र बनाया गया है. अभ्यर्थियों को परीक्षा शुरू होने के एक घंटे पहले प्रवेश दिया जाएगा. प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि पहली पाली सुबह 11 से 12.30 बजे और दूसरी दोपहर तीन बजे से 4.30 बजे तक होगा. अभ्यर्थियों को गेट नंबर दो और चार से एक घंटे पहले प्रवेश पत्र देखकर प्रवेश दिया जाएगा 439 रेगुलर सीटों पर दाखिले के लिए प्रवेश परीक्षाएं 21 और 23 अगस्त को होंगी.

आज इनका एग्जाम

- सुबह 11 से 12.30 बजे तक कॉमर्स, पालिटिकल साइंस, फिलोसफ़ी
- दोपहर 3 से शाम 4.30 बजे तक लॉ, पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन, जियोलजी, वेस्टर्न हिस्ट्री एनसिएंट इंडियन हिस्ट्री, ओरियंटल संस्कृत, फ्रेंच
- सुबह 11 से 12 बजे तक बाटनी, सायकोलजी, सोशल वर्क
- दोपहर तीन से शाम 4.30 बजे सोशियोलाजी

लखनऊ विश्वविद्यालय में आज से होगी पीएचडी प्रवेश परीक्षा

जासं, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय (लवि) में पीएचडी दाखिले के लिए प्रवेश परीक्षा परीक्षाओं की शुरुआत शनिवार से होगी।

परिसर में प्रवेश परीक्षा के लिए डा. केके सक्सेना ब्लाक (न्यू कामर्स) और पीजी ब्लाक को केंद्र बनाया गया है। अभ्यर्थियों को परीक्षा शुरू होने के एक घंटे पहले प्रवेश दिया जाएगा। विश्वविद्यालय के प्रवक्ता डा. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि परीक्षाएं दो पालियों में होंगी। पहली पाली सुबह 11 से 12.30 बजे और दोपहर तीन बजे से 4.30 बजे तक रहेगा। अभ्यर्थियों को गेट नंबर दो और चार से एक घंटे पहले प्रवेश पत्र देखकर प्रवेश दिया जाएगा। 439 रेगुलर सीटों पर दाखिले के लिए प्रवेश परीक्षाएं 21 और 23 अगस्त को होंगी।

आज होगी इन विषयों की प्रवेश परीक्षा

- 21 अगस्त : सुबह 11 से 12.30 बजे तक कामर्स, पालिटिकल साइंस, फिलोसफ़ी
- दोपहर तीन से शाम 4.30 बजे : लॉ, पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन, जियोलाजी, वेस्टर्न हिस्ट्री एनसिएंट इंडियन हिस्ट्री, ओरियंटल संस्कृत, फ्रेंच
- परीक्षा का स्थान : डा.केके सक्सेना ब्लाक (न्यू कामर्स)
- सुबह 11 से 12 बजे तक : बाटनी, सायकोलाजी, सोशल वर्क
- दोपहर तीन से शाम 4.30 बजे : सोशियोलाजी
- परीक्षा का स्थान : पीजी ब्लाक (लखनऊ विश्वविद्यालय)

JAGRAN CITY PAGE I

लवि : स्पेस साइंस के बारे में कोर्स में पढ़ेंगे छात्र

जागरण संवाददाता, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय में स्नातक भौतिक विज्ञान विभाग के छात्र-छात्राएं अब पाठ्यक्रम में स्पेस साइंस के बारे में भी पढ़ेंगे। विश्वविद्यालय ने नई शिक्षा नीति के अनुसार तैयार किए गए चार वर्षीय स्नातक पाठ्यक्रम में इसे शामिल किया है। इसके अलावा तीन और नए पेपर भी शामिल किए हैं। नए सत्र से इसे लागू किया जाएगा।

लखनऊ विश्वविद्यालय ने नई शिक्षा नीति-2020 के अंतर्गत चार वर्षीय स्नातक पाठ्यक्रम तैयार किया है। इसमें प्लाज्मा एवं स्पेस साइंस का पेपर जोड़ा गया है। स्पेस साइंस के क्षेत्र में काफी संभावनाएं हैं। चंद्रयान-2 की मिशन निदेशक वैज्ञानिक ऋतु करिधाल भी विश्वविद्यालय की छात्रा रही हैं। अधिष्ठाता छात्र कल्याण (डीएसडब्ल्यू) प्रो. पूनम टंडन ने बताया कि नए पेपर में नैनोटेक्नोलाजी, फाइबर आप्टिक्स, कंप्यूटर सिमुलेशन भी शामिल हैं। पाठ्यक्रम में फाइबर आटिक्स को भी शामिल किया गया है। इसमें कम्प्युनिकेशन के लिए प्रयोग की जा रही नई तकनीक के बारे में बताया जाएगा।

4 वर्षीय स्नातक पाठ्यक्रम में भौतिक विज्ञान के कोर्स में शामिल किए चार नए पेपर

प्रो. बालक दास बने चेयरमैन

लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय ने भौतिक विज्ञान विभाग के प्रो. बालक दास को विश्वविद्यालय की एथलेटिक एसोसिएशन का चेयरमैन बनाया है। इस संबंध में कुलसचिव डा. विनोद कुमार सिंह ने पत्र जारी कर दिया है। (जासं)

संस्कृत प्रतियोगिता हुई

लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के संस्कृत तथा प्राकृत भाषा विभाग की ओर से आयोजित संस्कृत सप्ताह में शुक्रवार को संस्कृत श्लोक उच्चारण प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें विभाग के साथ-साथ नवयुग एवं महिला महाविद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने भी प्रतिभाग किया। संचालन संस्कृत तथा प्राकृत भाषा विभाग के सहायक आचार्य डा. अभिमन्यु सिंह ने किया। (जासं)

PIONEER PAGE 3

एलयू पीएचडी प्रवेश परीक्षा आज, तैयारियां पूरी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

लखनऊ विश्वविद्यालय के पीएचडी कोर्सों में प्रवेश को लेकर शनिवार यानी 21 व 23 अगस्त को प्रस्तावित प्रवेश परीक्षा को लेकर विवि प्रशासन ने तैयारी पूरी कर ली है। प्रवेश परीक्षा में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों को बगैर मास्क के इंट्री नही मिलेगी। अभ्यर्थी अपने साथ केवल ट्रांसपेरेंट पानी की बोतल लेकर जा सकते हैं।

प्रवेश समन्वयक प्रोण् पंकज माथुर ने बताया कि अभ्यर्थी को अपने रोल नम्बर की सीट पर ही बैठना होगा। अभ्यर्थी को ब्लू या ब्लैक बॉल पेन साथ लाना होगा। परीक्षा बहुविकल्पीय प्रश्नपत्र प्रणाली पर होगी। जिसमें 100 प्रश्न पूछे जाएंगे। प्रत्येक प्रश्न के लिए 2 अंक निर्धारित हैं। निगेटिव मार्किंग नहीं होगी। 90 मिनट प्रश्न पत्र हल करने के लिए मिलेंगे। अभ्यर्थी प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते हैं। विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर प्रवेश पत्र अपलोड हैं। अभ्यर्थियों को परीक्षा शुरू होने के आधे घंटे पहले केन्द्र पर पंहुचना होगा।

मुख्य परिसर में होगी पीएचडी की प्रवेश परीक्षा

पीएचडी कोर्सों में दाखिले को लेकर पीएचडी प्रवेश परीक्षा 21 और 23 को मुख्य कैम्पस में होगी। प्रवेश परीक्षा में कोविड गाइडलाइन का सख्ती से पालन करने के निर्देश दिए गए हैं। बिना मास्क के परीक्षा में शामिल नहीं होने दिया जाएगा। प्रवेश परीक्षा 90 मिनट की होगी। 70 प्रश्न बहुविकल्पीय होंगे। जिसमें 35 प्रश्न सबंधित विषय और 35 प्रश्न रिसर्च मेथोडोलॉजी के होंगे। प्रत्येक प्रश्न के लिए एक अंक निर्धारित होगा। प्रवेश परीक्षा के लिए प्रवेश पत्र वेबसाइट पर अपलोड हैं। पीएचडी प्रवेश परीक्षा के लिए 4ए325 अभ्यर्थी पंजीकृत हैं। 21 और 23 अगस्त को दो पालियों में परीक्षा होगी। पहली पाली सुबह 11 से 12ए30 बजे एवं दूसरी पाली दोपहर तीन से 4ए30 तक होगी।

AMRIT VICHAR PAGE 3

लविवि में मनाया जा रहा है संस्कृत महोत्सव

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के संस्कृत तथा प्राकृत भाषा विभाग में संस्कृत के प्रचार-प्रसार और संवर्धन के लिए संस्कृत सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। सप्ताह पर्यन्त चलने वाले इस संस्कृत सप्ताहोत्सव के द्वितीय दिवस में शुक्रवार को संस्कृत श्लोक उच्चारण की प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में न केवल संस्कृत तथा प्राकृत भाषा विभाग के छात्रों ने अपितु लखनऊ विश्वविद्यालय से संबद्ध अन्य नवयुग एवं महिला आदि महाविद्यालयों के छात्र छात्राओं ने भी उत्साह पूर्वक भाग ग्रहण किया। कार्यक्रम का संचालन संस्कृत तथा प्राकृत भाषा विभाग के सहायकाचार्य डॉ. अभिमन्यु सिंह ने किया। कार्यक्रम में समागत विद्वानों एवं श्रोताओं का वाचिक स्वागत अभिनव गुप्त शैव दार्शनिक शोध संस्थान में सहायकाचार्य डॉ. गौरव सिंह द्वारा किया गया।

VoL PAGE 3

ऑफलाइन पीएचडी प्रवेश परीक्षा आज से

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय की दो दिवसीय पीएचडी प्रवेश परीक्षा 2021.22 शनिवार से शुरू होगी। प्रवेश परीक्षा के लिए विश्वविद्यालय परिसर के पीजी.ब्लॉक और कामर्स ब्लॉक में दो परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं। ऑफलाइन मोड पर होने वाली पीएचडी प्रवेश परीक्षा में 4302 अभ्यर्थी शामिल हो रहे हैं। दो पाली में होने वाली प्रवेश परीक्षा में शनिवार को पहली पाली सुबह 11 से 12:30 एवं दूसरी पाली दोपहर तीन बजे से साढ़े चार बजे तक होगी। रविवार को कोई परीक्षा नहीं होगी। इसके बाद 23 अगस्त को भी पीएचडी प्रवेश परीक्षा दो पाली में होगी। परीक्षा में सिटिंग प्लान सोशल डिस्टेंसिंग को ध्यान में रखकर बनाया गया है। बिना मास्क के अभ्यर्थियों को प्रवेश नहीं दिया जाएगा। रेगुलर पीएचडी की प्रवेश परीक्षा 70 अंकों की बहुविकल्पीय प्रश्न पत्र प्रणाली के आधार होगी। 20 अंकों का साक्षात्कार और प्रेजेन्टेशन होगा। जे.आरएफ के लिए 10 अंक नेट.यूपी स्लेट के लिए पांच अंक दिए जाएंगे। वहीं पार्ट टाईम पीएचडी में अभ्यर्थियों को 70 अंकों का लिखित शोध प्रस्ताव एवं 30 अंकों का साक्षात्कार देना होगा।

JANSANDESH TIMES PAGE 3

दो पाली में आज से होगी ऑफलाइन पीएचडी प्रवेश परीक्षा

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय की दो दिवसीय पीएचडी प्रवेश परीक्षा 2021-22 शनिवार से शुरू होगी। प्रवेश परीक्षा के लिए विश्वविद्यालय परिसर के पीजी-ब्लॉक और कामर्स ब्लॉक में दो परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं। आफलाइन मोड पर होने वाली पीएचडी प्रवेश परीक्षा में 4302 अभ्यर्थी शामिल हो रहे हैं। दो पाली में होने वाली प्रवेश परीक्षा में शनिवार को पहली पाली सुबह 11 से 12.30 एवं दूसरी पाली दोपहर तीन बजे से साढ़े चार बजे तक होगी। रविवार को कोई परीक्षा नहीं होगी। इसके बाद 23 अगस्त को भी पीएचडी प्रवेश परीक्षा दो पाली में होगी। परीक्षा में सिटिंग प्लान सोशल डिस्टेंसिंग को ध्यान में रखकर बनाया गया है। बिना मास्क के अभ्यर्थियों को प्रवेश नहीं दिया जाएगा। रेगुलर पीएचडी की प्रवेश परीक्षा 70 अंकों की बहुविकल्पीय प्रश्न पत्र प्रणाली के आधार होगी। 20 अंकों का साक्षात्कार और प्रेजेन्टेशन होगा। जेआरएफ के लिए 10 अंक नेट-यूपी स्लेट के लिए पांच अंक दिए जाएंगे। वहीं पार्ट टाईम पीएचडी में अभ्यर्थियों को 70 अंकों का लिखित शोध प्रस्ताव एवं 30 अंकों का साक्षात्कार देना होगा।

TIMES OF INDIA PAGE 2

Appearing for LU test? Shun gadgets, follow Covid norms

Water Bottles Should Be Transparent

TIMES NEWS NETWORK

Lucknow: If you are appearing for the Lucknow University's Undergraduate Entrance Test (UGET), to be conducted between August 24 and 31, make sure your sanitizer and water bottles are transparent and you do not have any gadget, scientific calculator or bag with you in the examination hall.

The entrance test will be held under CCTV vigil and an eye will be kept on every candidate from the control room set up on the old campus.

"Candidates will have to report at the centre at least an hour before the examination. This extra time will be utilised in the implementation of Covid-19 safety norms. Candidates will have to stand in circles so that social distancing can be maintained. Thermal scanning and sanitization will be strictly followed," said admission coordinator Prof Pankaj Mathur.

He said candidates would not be allowed to borrow stationery or water bottle and bring water in a transparent botte. "They should carry one blue and black ballpoint pen along with other stationery. Mask and sanitizer is mandatory," he said.

Mathur said entrance examination of a number of courses would be held on the old campus and second campus while for courses like BA and BCom, where the number of candidates is high, entrance test will be held at LU's affiliated colleges. "Candidates should read and follow all the instructions mentioned on their admit card," he added.

The university has made seating arrangements as per the Covid-19 safety norms ensuring that there is a distance of at least 6ft between two examinees.

GETTING EXAM-READY

Date	Course	Exam time
Aug 24	BVoc	11am-12.30pm
Aug 24	BJMC	3pm-4.30pm
Aug 25	BSc(Maths)	3pm-4.30pm
Aug 25	BElEd	11am-12.30pm
Aug 26	BSc(Agri)	11am-12.30pm
Aug 26	BSc(Bio)	3pm-4.30pm
Aug 27	BBA & BBA(Tourism)	11am-12.30pm
Aug 27	LLB(5 Yr)	3pm-4.30pm
Aug 28	BCA	11am-12.30pm
Aug 28	BA & BA(H)	3pm-4.30pm
Aug 31	BVA/BFA	11am-12.30pm
Aug 31	BCom & BCom(H)	3pm-4.30pm

THINGS TO CARRY

- Blue & black ball point pens, other stationery
- Admit card
- Identity proof
- Transparent water bottle
- Transparent sanitizer bottle

THINGS TO AVOID

- Cellphones
- Scientific calculators
- Dark colour steel water bottles
- Bags

Entrance for PhD seats on Aug 21 & 23

TIMES NEWS NETWORK

Lucknow: The PhD entrance for admission to 448 seats in 36 subjects of Lucknow University will be held on Saturday and Monday at LU old campus. The seats include 331 in LU and the remaining 117 in university's affiliated colleges. "The entrance will be have multiple-choice questions in which a candidate has to answer 70 objective type questions in 90 minutes. A total of 35 questions will be from the related subject and the remaining 35 will be from research methodology," said admission coordinator Prof Pankaj Mathur.

Prof Mathur said seating arrangements for the test have been made as per the Covid19 safety norms. Candidates will be given entry to the LU campus only through gate numbers 2 and 4.

No gadgets like mobiles and wristwatches will be allowed at the exam centre.